2017

HINDI

(Major)

Paper : 5.6

(Hindi Alochana Evam Pramukh Alochak)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'आलोचना' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आलोचना' के किन्हीं दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(ग) रामचंद्र शुक्ल रचित सैद्धान्तिक आलोचना के अंतर्गत आने वाले किसी एक प्रसिद्ध लेख का नाम लिखिए।

(घ) आलोचक हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा विरचित किसी एक आलोचनात्मक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) नंददुलारे बाजपेयी की आलोचना-शैली की एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(च) रामविलास शर्मा का पहला आलोचनात्मक लेख का नाम क्या है?

(छ) छायावादी कविता को स्थापित करने वाले आलोचक का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) आलोचक के लिए आवश्यक किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की आलोचना-शैली की किसी एक प्रमुख विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ग) आलोचक नंददुलारे बाजपेयी द्वारा संपादित किन्हीं दो ग्रंथों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) आलोचक के रूप में डॉ० रामविलास शर्मा की दो प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'मार्क्सवादी आलोचना' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) भारतेन्दुयुगीन हिन्दी आलोचना के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ग) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की आलोचना-दृष्टि की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) आलोचक के रूप में हजारीप्रसाद द्विवेदी का मूल्यांकन कीजिए।

(ङ) रामविलास शर्मा रचित दो आलोचनात्मक कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

4. शुक्लपूर्व हिन्दी आलोचना के विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 10

अथवा

शुक्लोत्तर युग की हिन्दी आलोचना के विकास पर प्रकाश डालिए।

5. आलोचक के रूप में हजारीप्रसाद द्विवेदी का परिचय दीजिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना जगत को नंददुलारे बाज़पेयी की देन पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

6. मार्क्सवादी आलोचक के रूप में डॉ० रामविलास शर्मा का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

डॉ० नगेन्द्र की आलोचना-दृष्टि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★